# 10 दिन में चार रोजगार मेले 30 हजार को मिलेगी नौकरी

## 27 को मैनपुरी, 28 अगस्त को अलीगढ़, एक सितंबर को मिर्जापुर में आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार मिशन रोजगार के तहत रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। अगस्त में अब तक तीन रोजगार मेलो का आयोजन हो चुका है। अब आगामी दस दिनों में चार जिलों में रोजगार मेले लगेंगे। इन मेलों से लगभग 30 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

ये मेले 27 अगस्त को मैनपुरी, 28 को अलीगढ़, एक सितंबर को मिर्जापुर और दो सितंबर को मुरादाबाद में लगेंगे। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

### दो सितंबर को मुरादाबाद में लगेगा रोजगार मेला

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेलों के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में मैनपुरी, अलीगढ़, मिर्जापुर और मुरादाबाद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

हर जिले के मेले में देश की 50 प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो युवाओं का साक्षात्कार लेंगी और उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। मैनपुरी के करहल में नरसिंह इंटर कॉलेज में और अलीगढ़ के गुरुकुल पब्लिक स्कूल, सोमना रोड खैर में ये मेला सुबह नौ बजे से शुरू होगा।

### दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य

मंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर में लगे रोजगार मेले में कहा था कि सरकार दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। इस समय प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा पदों के लिए पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है, कई अन्य विभागों में नौकरियों के सृजन के प्रस्ताव हैं।